भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +**254**
सोमवार, 24 जून, 2019/3 आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कर्नाटक में पर्यटन संवर्धन

+254. डॉ॰ उमेश जी॰ जाधव:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक में, विशेषतः कलबुर्गी में, पर्यटन संवर्धन के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं;

(ख) क्या हाल ही में कर्नाटक में विदेशी पर्यटकों की संख्या में कमी आई है;

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पर्यटकों की संख्या में कमी के क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) : पर्यटन मंत्रालय कर्नाटक राज्य सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लिए जारी कार्यकलापों के एक भाग के रूप में अतुल्य भारत ब्रांड लाइन के तहत अंतर्राष्ट्रीय व घरेलू मार्केटों में वार्षिक रूप से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन तथा आउटडोर मीडिया अभियान जारी करता है । इसके अलावा, भारत और विदेश स्थित भारत पर्यटन कार्यालय सूचना का प्रसार करते है और देश के विविध पर्यटक गंतव्यों तथा उत्पादों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते है ।

(ख) से (घ): वर्ष **2015, 2016** और **2017** के दौरान कर्नाटक राज्य में विदेशी पर्यटक आगमन के ब्यौरे निम्नवत हैं:

2015	2016	2017
636502	461752	498148

(वर्ष **2018** के लिए आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं)

विदेशी पर्यटक आगमन को और अधिक बढ़ाने, कर्नाटक के पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय अपनी वेबसाइट, सोशल मीडिया, प्रिंट विज्ञापनों के माध्यम से तथा रोड शो के दौरान विदेशों में अन्य संवर्धनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करता है । वर्ष **2018** में एक विशेष प्रभावकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ब्लॉगर्स को विदेशी मार्केटों में भारत की लक्जरी ट्रेनों को बढ़ावा देने के लिए उसमें यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया गया । इनमें कर्नाटक के विभिन्न पर्यटक गंतव्यों को कवर करने वाले गोल्डन चेरियट को शामिल किया गया ।

****